आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज अयोध्या धाम के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में करेंगी रामलला के दर्शन। हनुमानगढ़ी में दर्शन के साथ सरयू आरती में भी होंगी शामिल।
- चौथे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर 130 प्रत्याशी होंगे आमने सामने। 13 मई को होगा मतदान।
- लोकसभा चुनाव के पांचवें और छठे चरण के लिये प्रदेश की कुल 28 सीटों पर नामांकन का सिलसिला जारी। पांचवें चरण के लिये 3 मई और छठे चरण के लिये 6 मई तक दाखिल होंगे नामांकन।
- प्रदेश के कई इलाकों को आज मिलेगी भीषण गर्मी और लू से राहत। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिमी हवाओं के चलते तापमान में आयेगी कमी।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में जन जन के आराध्य रामलला के दर्शन कर मंगलकामना करेंगी। राम मंदिर के अभिषेक समारोह के बाद राम जन्मभूमि की यह उनकी पहली यात्रा है। इस दौरान राष्ट्रपति हनुमानगढ़ी में श्रद्धा निवेदित करने के साथ ही शाम को सरयू आरती में भी शामिल होंगी।

राष्ट्रपति के प्रस्तावित दर्शन–पूजन कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। कल सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने संयुक्त रूप से अयोध्या के हनुमानगढ़ी, रेलवे स्टेशन, राम पथ, नया घाट सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कर स्थलीय जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को देखा। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू के विशेष विमान के आज शाम करीब साढ़े चार बजे अयोध्या पहुंचने की सम्भावना है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर लखनऊ–अयोध्या–गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और अयोध्या हवाई अड्डे को राम पथ से जोड़ने वाले मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन किया जाएगा। मंदिर में सामान्य भक्त पूर्व की भांति दर्शन करते रहेंगे।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की तेरह सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में आठ प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिए हैं। नामांकन पत्रों की जांच में कुल 138 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए और 82 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गए थे। नामांकन वापस लेने वालों में कन्नौज से स्वामी प्रसाद मौर्य की राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी राम बख्श सिंह भी शामिल हैं। यहां से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव खुद चुनावी मैदान में हैं। वहीं, ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए दस प्रत्याशी मैदान में हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 13 लोकसभा सीटों और ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल 220 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। चौथे चरण में प्रदेश में शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच लोकसभा सीटों पर 13 मई को मतदान होना है।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान जोर शोर से चल रहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, स्टार प्रचारक और प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्रों में लोगों से जनसभा, रोड शो के माध्यम से अपनी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी क्रम में मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव ने कल मैनपुरी में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। इस जनसभा में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव भी मौजूद रहे। डिंपल यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। उन्होंने लोगो से लोकतंत्र की रक्षा के लिए सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं शिवपाल यादव ने डिम्पल यादव को भारी मतों से जिताने की अपील की। बलरामपुर में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कल तुलसीपुर औरं उतरौला विधानसभा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब तक हुये चुनाव में भाजपा को अपार जन समर्थन मिल गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा।

**********

लोकसभा चुनाव में जमकर राजनीतिक प्रचार के साथ ही आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले भी सामने आ रहे हैं और कार्रवाई भी हो रही है।

उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में कल आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद और उनकी भतीजी मारिया आलम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। यह कार्रवाई तब की गई जब जिला प्रशासन ने दिन में फर्रुखाबाद की रैली में मारिया के भाषण का स्वतः संज्ञान लिया, जिसमें सलमान खुर्शीद भी मौजूद थे। 2 दिन पहले ही सीतापुर जिले में बहुजन समाज पार्टी के संयोजक आकाश आनंद और चार अन्य के खिलाफ भी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की चौदह सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर नामांकन का सिलसिला जारी है। हमीरपुर जिले में कल बसपा प्रत्याशी निर्दोष कुमार दीक्षित, शक्ति चेतना पार्टी प्रत्याशी अनुपम और निर्दलीय प्रत्याशी सन्तोष कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कल ई– रिक्शा से कलेक्ट्रेट पहुंच कर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निर्मल खत्री मौजूद रहे। इस मौके पर अवधेश प्रसाद ने कहा कि चुनाव में संविधान और लोकतंत्र बचाने की चर्चा है। इस सीट से बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पांडे ने भी नामांकन दाखिल किया। इस दौरान बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल मौजूद रहे। इस चरण की लोकसभा सीटों पर नामांकन की अंतिम तारीख तीन मई है और 6 मई तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। इस चरण के लिये 20 मई को मतदान होगा।

**********

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिये प्रदेश की चौदह सीटों पर नामांकन प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में जालौन में बसपा प्रत्याशी सुरेश चन्द्र गौतम ने कल निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं अम्बेडकर नगर से सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद लालजी वर्मा ने एक जनसभा को भी सम्बोधित किया।

सुल्तानपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगी। इससे पूर्व कल सुल्तानपुर में नुक्कड़ सभा कर उन्होंने मतदाताओं से वोट मांगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ओबीसी और एससी के आरक्षण में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने के पक्ष में नहीं है। विपक्ष द्वारा इस तरह के बयान देकर देश के लोगों को भ्रमित किया जा रहा है।

छठें चरण में प्रदेश की सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार 6 मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। मतदान 25 मई को होगा।

**********

अगले तीन दिनों तक प्रदेश भर में उत्तर पश्चिमी हवाओं का असर रहेगा, जिसकी वजह से लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की उम्मीद है, इस कारण अगले तीन दिनों तक गर्मी कम पड़ेगी।

***अगर ओवरआल बात करें तो गर्मी रहेगा। बस हालांकि थोडा सा तापमान में गिरावट होगा और गिरावट इस वजह से होरहा है कि थोड़ा सा हवाओं का असर है,जिसकी वजह से तापमान नहीं होता जैसे की धूप निकली रहती है और हवा चलता है तो थोड़ी सी राहत मिलता है। उसी तरीके से सा राहत का रहेगा,लेकिनवो भी राहत नहीं रहेगा।लगभग कई जगहों में चालीस के आस पास तापमान रहेगा। गर्मी रहेगी लेकिन जो गर्मी अभी इकतालीस, बयालीस, तिरालीस के आसपास था, उसमे सी राहत मिलेगी। आने वाले तीन दिन के बाद फिर से तापमान अपने वही बयालीस तैंतालीस केपास फिर से थोड़ी सी गर्मी का असर देखने को मिल सकता है।***

**********

प्रदेश भर में आज मई दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर श्रमिक संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भारत के निर्माण में दिन–रात लगे श्रमिकों की भूमिका को याद किया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मई दिवस पर श्रमिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने एक्स पर संदेश के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में लगे श्रमिक बंधुओं को मई दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

**********